मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 3

MHD-1

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)

(एम. एच. डी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2023

एम.एच.डी-1 : हिन्दी काव्य-1 (आदि काव्य, भक्ति काव्य एवं रीति काव्य)

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : (*i*) कुल ***चार*** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(*ii*) **प्रथम** प्रश्न अनिवार्य है।

(*iii*) शेष में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×10=20

(क) पानी बिच मीन पियासी।

मोहिं सुन सुन आवै हाँसी॥

घर में वस्तु नजर नहिं आवत।

बन बन फिरत उदासी॥

आत्मज्ञान बिना जग झूँठ।

क्या मथुरा क्या कासी॥

(ख) धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।

काहू की बेटी सों बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ।

तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाकौ रुचि सो कहै कछु ओऊ।

माँगि कै खैबो, मसीत को सोइबो, लैबो को एकु न दैब को दोऊ॥

(ग) हमारे निर्धन के धन राम।

चोर न लेत घटत न कबहूँ आवत गाढ़ै काम॥

जल नहिं बूड़त अगिनि न दाहत है ऐसो हरि नाम।

बैकुंठनाथ सकल सुख दाता सूरदास सुख धाम॥

(घ) भए अति निठुर मिटाय पहचानि डारी,

याही दुःख हमै जक लागी हाय हाय है,

तुम तौ निपट निरदई, गई भूलि सुधि

हमैं सल़ सेलति सो क्यों हूँ न भुलाय है।

2. 'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता पर विचार कीजिए। 10

3. विद्यापति की भाषा का विवेचन कीजिए। 10

4. कबीर की कविता में निहित रहस्यवाद को स्पष्ट कीजिए। 10

5. 'पद्‌मावत' में निहित लोकजीवन को रेखांकित कीजिए। 10

6. सामंती रूढ़ियों के प्रति मीरा के विद्रोह को विश्लेषित कीजिए। 10

7. बिहारी के काव्य में शृंगार-निरूपण के आधारों की चर्चा कीजिए। 10